卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्विमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 277 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦14 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कांवड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली पलटने से बीस लोग घायल

देहरादून (उद संवाददाता)।देर रात अशारोड़ी चौकी के पास कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 20 से ज्यादा कांवड़िये घायल हो गए। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी आशारोड़ी और थानाध्यक्ष क्लेमेंट मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घायलों को अस्पताल में भर्ती करावाया। जानकारी के मुताबिक गुरूवार रात अशारोड़ी चौकी से आगे कांवड़ियों की ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी। ट्रैक्टर ट्राली में करीब दो दर्जन से अधिक कांवडिये सवार थे। सूचना पर तत्काल



चौकी प्रभारी आशा रोड़ी मय पुलिस बल के मौके पर रवाना हुए तथा थाने को भी सूचित किया गया। थाने से थानाध्यक्ष क्लेमेंट टाउन भी मय पुलिस बल के तुरंत मौके पर पहुंचे। तीन गंभीर व्यक्तियों को तत्काल मौके पर ही देहरादून की तरफ आ रही एक प्राइवेट एंबुलेंस से दून अस्पताल भिजवाया गया तथा बाकी घायलों को थाने के सरकारी वाहन एवं प्राइवेट वाहन से नजदीकी अस्पताल पावर लाइन मोहब्बेवाला में भर्ती कराया गया।हादसे का कारण चालक (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक पर मलवा गिरने से भतीजे की मौत,चाचा घायल

गंगोत्री (उद ब्यूरो)। पहाड़ों पर बारिश का कहर जारी है। जगह जगह चट्टाने खिसक रही हैं। गंगोत्री की यात्रा कर बद्री-केदार जा रहे कांवड़ यात्री की बाइक पर मलवा गिरने से बाइक खाई में गिर गयी। हादसे में एक युवक की मौत हो गयी



जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा त्यूणी-टिहरी-मलेथा हाईवे पर नंद गांव के पास हुआ। पुलस के मुताबिक गुरूवार देर शाम त्यूणी-मलेथा हाईवे पर नंद गांव के पास पहाड़ी आया मलवा वंहा से (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक दिनेशपुर वार्ड संख्या 1 निवासी 28 वर्षीय वरुण गोलदार पुत्र सुधांशु गोलदार ने अज्ञात कारणों के चलते नदी किनारे फांसी लगा ली। नदी किनारे जा रहे बच्चों ने पेड़ पर लटका हुआ शव देखा, तो उन्होंने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने इस बात की सूचना 112 के माध्यम से पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। बताया जाता है कि कुछ समय पूर्व मृतक की पत्नी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी, कुछ समय के बाद उन दोनों में तलाक भी हो गया। बताया जा रहा है कि अभी दो-तीन दिन पूर्व पत्नी अपने प्रेमी को छोड़कर फिर उसके घर आ गई और एक रात उसके घर में रही। जैसे ही उसके प्रेमी को पता चला कि वह पूर्व पति के यहां चली गई है तो वह उसके पूर्व पति के घर पहुंचा और अपनी प्रेमिका को लेकर वहां से चला गया। शुक्रवार सुबह नदी किनारे उसका लटका हुआ शव देखा गया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक की मौत

### बाजपुर के जोगीपुरा स्टोन क्रेशर में काम करता था मृतक

काशीपुर( उद संवाददाता)। स्टोन क्रेशर में कार्यरत युवक देर रात सुल्तानपुर



पट्टी क्षेत्र में पिपलिया रोड पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। नाजुक हालत में उसे काशीपुर के एक निजी अस्पताल से परिजन मुरादाबाद ले जा रहे थे इस दौरान रास्ते में रात्रि लगभग 12बजे घायल युवक



ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।मृतक घर का इकलौता चिराग था। अचानक घटी घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पिलक( शेष पृष्ठ 7 पर)

## फैक्ट्री में काम करते श्रमिक की अंगुलियां कटीं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्य के दौरान मशीन की चपेट में आकर एक श्रमिक की अंगुलियां कट गईं। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में ट्रांजिट कैम्प निवासी 28 वर्षीय दुर्गेश पुत्र राजकुमार काम कर रहा था। इसी दौरान उसका हाथ मशीन की चपूट में आ गया। जिससे उसके हाथ की अंगुलियां कट गईं। अचानक हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही फैंक्ट्री (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधायक समेत दस भाजपा नेताओं ने कोर्ट में किया सरेंडर

### 15-15 हजार के जमानती और निजी मुचलके पर मिली जमानत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को भाजपा विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह समेत दस भाजपा नेताओं ने कोर्ट में सामूहिक रूप से आत्म समर्पण किया। कोर्ट में सुनवाई के बाद सभी को दो जमानती और निजी मुचलके पर जमानत दे दी गयी। बता दें विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन कक्ष में भीड़ जमा होने पर प्रशासन की ओर से शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, राजू साह, विवेक सक्सेना, गुरमीत सिंह



समेत दस लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन, कोविड प्रोटोकोल और 188आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मामला तभी से न्यायालय में विचाराधीन है। कोर्ट से सम्मन जारी होने के बाद इस मामले में शुक्रवार को विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह समेत दस भाजपा नेताओं ने जिला न्यायालय में आत्म समर्पण किया। अदालत में अधिवक्ता दिवाकर पाण्डे ने भाजपा नेताओं की ओर से पैरवी करते हुए उनका पक्ष रक्षा। न्यायाधीश ने मामले में सुनवाई करते हुए सम्यक विचार करने के बाद 15-15 हजार के दो जमानती और एक निजी मुचलके पर सभी का जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार लिया। न्यायालय में भाजपा नेताओं को जमानत मिलने के बाद उनके अधिवक्ता दिवाकर पाण्डेय ने बताया कि तत्कालीन प्रशासन ने भाजपा नेताओं के खिलाफ जो मुकदमा दर्ज किया था उसमें कहीं सच्चाई नजर नहीं आ रही थी। मुकदमा त्रुटिपूर्ण था। जिस कारण (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सचिव को सुनाई खरी खोटी

कोटद्वार (उद ब्यूरो)। विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार की विधायक ऋतु खंडूड़ी ने कोटद्वार पुल टूटने के मामले में सचिव आपदा प्रबंधन रंजीत सिन्हा को फोन पर जमकर खरी खोटी सुनाई। फोन पर हुई इस वार्ता का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।



कोटद्वार पुल का निरीक्षण करने के लिए मौके पर पहुंची ऋतु खंडूड़ी ने सचिव को फोन पर फटकार लगाते हुए कहा कि आप ये जानते हैं कि हर बैठक, हर चिट्ठी में मैंने आपको कहा है कि पुलों के लिए आप कोई व्यवस्था करें। आपका ये कहना होता है कि मानक में नहीं बैठता है। अब कौन सी चीज मानक में बैठेगी, मुझे ये बताइए? विधायक खंडूड़ी ने कहा कि, पिछले एक साल से मैं पीडब्ल्यू को पत्र भेजकर कह रही (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिस्मफरोशी में लिप्त पांच लोगों पर केस दर्ज

### होटल सीज करने की मांग,लोगों का आरोप रोजाना युवक युवतियों का लगता है जमावड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के एएसडीआर होटल ही नही बल्कि अधिकांश होटलों में जिस्मफरोशी का कारोबार खूब फलफूल रहा है। लेकिन कानूनी दांवपेंच की ढाल के चलते धंधा चलाने वाले आरोपी हर बार पुलिस की गिरफ्त से बच जाते है। मगर इस बार पुलिस ने अपनी कार्रवाई चालान तक सीमित न रखते हुये धंधा चलाने वाले पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अनैतिक कारोबार के खिलाफ एएसडीआर होटल में पुलिस की यह दूसरी बार कार्रवाई हुई है। इससे पूर्व भी दर्जनों युवक युवतियां इस होटल में मिल चुकी है और उनका चालान कर उनका छोड़ दिया गया। मगर इस बार पुलिस ने सख्ती दिखाते हुये इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकमदा दर्ज किया है। यहां बता दे कि कल आवास विकास पुलिस को सूचना मिली कि रवीन्द्रनगर स्थित होटल एएसडीआर में कई युवक और युवतियां गई हुई है। अनैतिक कार्य की आशंका के चलते एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी बसंती आर्या, आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा पुलिस कर्मियों के साथ होटल में पहुंच गई और होटल में छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को इस दौरान होटल के विभिन्न कमरों में रूके दो दर्जन से अधिक युवक और युवतियां मिली। पुलिस ने सभी के आईडी कार्ड जब्त करते हुये युवक और युवतियों से होटल के अलग-अलग कमरों में पूछताछ शुरू कर दी। आईडी चैकिंग के दौरान तीन किशोरियों को छोड़कर सभी वयस्क मिले। पुलिस ने वयस्क युवक और युवतियों का चालान( शेष पृष्ठ सात पर)

## डीएम ने किया कल्याणी नदी का निरीक्षण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के दृष्टिगत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शुक्रवार प्रात: लगभग 7 बजे से कल्याणी नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नदी के प्रवाह के संबंध में नदी की चौड़ाई, गहराई,



जनपद में बाढ़ एवं आपदा से बचाव हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह बेहद संजीदगी से कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में निरीक्षण किया। उन्होंने अटरिया मंदिर के निकट अटरिया पुल, किच्छा बायपास पर धोबीघाट पहुंचकर नदी क्षेत्र का निरीक्षण नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण के साथ ही नदी के प्रवाह की पुरानी जानकारियां ली। जिलाधिकारी ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम ने बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का रेस्क्यू बोट एवं ट्रैक्टर में बैठकर किया स्थलीय निरीक्षण



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जनपद हरिद्वार की तहसील लक्सर के विभिन्न क्षेत्रों लक्सर बजार मदारपुर, शाहपुर बस्ती, प्रहलादपुर, हस्तमौली में अतिवृष्टि एवं सोनाली नदी के कारण हुए जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का रेस्क्यू बोट एवं ट्रैक्टर में बैठकर स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा राहत एवं बचाव कार्यों के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लक्सर क्षेत्र में सोनाली एवं अन्य नदियों से होने वाले जलभराव के प्रभावी रोकथाम हेतु फ्लड



मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने व प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रभावितों को रहने खाने व अन्य आवश्यक सामग्री की पूर्ण उपलब्धता हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बारिश से पेयजल, विद्युत, सड़क एवं अन्य व्यवस्थाएं जो प्रभावित हुई हैं, उन्हें शीघ्र सुचारू किया जाए व प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के साथ ही उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान पूर्व विधायक लक्सर श्री संजय गुप्ता, सचिव मुख्यमंत्री श्री विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सिर्फ 13 सालों में ही ध्वस्त हुआ मालन नदी का पुल,शासन ने दिए जांच के आदेश

कोटद्वार(उद संवाददाता)। मालन नदी पर बना पुल गुरूवार को दिन में ध्वस्त हो गया। पुल टूटने के कारण इलाके में हड़कंप मच गया है। पुल टूटने की वजह से एक युवक पानी के तेज बहाव खबर से इलाके में हड़कंप का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक मालन नदी पर बने पुल के टूटने से पानी के तेज बहाव में हल्दूखाता मल्ला निवासी प्रशांत डबराल पुत्र प्रकाश डबराल बह गया।



में बह गया। इसके साथ शासन ने पुल टूटने के कारणों की जांच के आदेश दे दिए हैं। मालन नदी पर बने पुल टूटने से नदी के तेज बहाव में एक युवक बह गया। इस जबकि उसके दो साथियों ने पुल की रेलिंग पकड़कर किसी तरह जान बचाई। दोनों को बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मालन नदी पर पुल का निर्माण साल 2010 में हुआ था। सिर्फ 13 सालों में ही ये पुल ध्वस्त हो गया है। जिसके बाद शासन-प्रशासन पर कई सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में लोक निर्माण विभाग की प्रतिक्रिया सामने आई है।लोक निर्माण विभाग के सचिव का कहना है कि इस पुल के गिरने के कारणों की जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। जहां एक ओर कहा जा रहा है कि मालन नदी में लगातार खनन के कारण पुल ध्वस्त हुआ है। तो वहीं लोक निर्माण विभाग का इस पर कहना है कि यहां पर खनन को पहले ही रोक दिया गया था। ये इसके टूटने का कारण नहीं है। फिलहाल इस पुल से आवाजाही के लिए एक वैकल्पिक पुल की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही लोनिवि का कहना है कि आपदा विभाग को इस पुल को लेकर अवगत करवाया जा चुका है।

# भूस्खलन से बंद हाईवे पर फंसे 7000 से अधिक यात्री निकाले

देहरादून। उत्तराखंड में छह दिन से हो रही मूसलधार बारिश थमने के बाद राहत कार्यों में तेजी आई। इस दौरान चारधाम यात्रा मार्गों पर फंसे सात हजार से अधिक यात्रियों को निकाला गया। हालांकि, भूस्खलन के कारण चारधाम यात्रा मार्ग व अन्य हाईवे अब भी विभिन्न स्थानों पर अवरुद्ध हैं। ऐसे में केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए करीब चार हजार यात्रियों को सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न पड़ावों पर रोका गया है। हालांकि, केदारनाथ यात्रा दिनभर सुचारु रही। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सात जुलाई को शुरू हुआ वर्षा का क्रम वीरवार को थमा, लेकिन वर्षा से उपजी दुश्वारियां बरकरार हैं। भूस्खलन से अब भी राज्य में 248 संपर्क मार्ग अवरुद्ध हैं। इस कारण 503 गांवों का जिला मुख्यालय सें संपर्क कटा हुआ है। 150 गांवों में बिजली और 70 गांवों में पानी की आपूर्ति ठप है। 50 से अधिक गांवों में संचार सेवा भी बाधित है। हरिद्वार



और ऋषिकेश में गंगा चेतावनी रेखा के करीब बह रही है। मोतीचूर में रेलवे ट्रैक पर मलबा आने से गुरुवार को भी देहरादून से सात ट्रेनों का संचालन नहीं हो सका। अगले कुछ दिन फिर आसमान से आफत बरसने की आशंका है। मौसम विभाग ने प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में आज से चार दिन तक मूसलधार वर्षा की संभावना जताई है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार आज नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर में भारी से अत्यंत भारी वर्षा हो सकती है, इसको लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बहुत भारी बारिश का आरेंज अलर्ट है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग व चमोली के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# बारिश के दौरान नालियों और नालों की सफाई के लिये 60 मजदूर तैनात

नैनीताल(उद संवाददाता)।नगर निगम हल्द्वानी द्वारा निगम के नव सम्मिलित 27 वार्डों में वर्षा ऋतु में नालियों/नालों की सफाई करने एवं जल भराव की संभावना/घटनाओं से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए एक माह हेतु 60



अतिरिक्त मजदूर तैनात किए गए हैं। नगर निगम हल्द्वानी का पूरा प्रयास है कि वर्षा ऋतु में निगम क्षेत्र मे कहीं भी जल भराव ना हो. यदि भारी वर्षा की स्थिति में कहीं जल भराव हो भी तो उस समस्या का त्वरित निदान किया जा सके. नगर निगम हल्द्वानी के के पुराने क्षेत्रों में में पूर्व से कार्मिक,नाला गैंग, विशेष स्वच्छता टीम तैनात हैं. सम्मानित नागरिकों से अपील है कि भवन निर्माण सामग्री, मलवा,कूड़ा, प्लास्टिक आदि नालियों/नालों/गूल /नहर आदि में ना डालें, यदि आपके किसी कार्य के कारण नालियों/नालों/सड़कों पर किसी प्रकार का मलवा /कूड़ा जमा हुआ है तो उसे स्वयं से हटा दें. अन्यथा चालान/जुर्माना की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है. आपके सहयोग से हम शहर को स्वच्छ,सुंदर और जल भराव से मुक्त शहर बना सकते हैं।

# रिदम और प्रकृति ने एकलव्य आदर्श विद्यालय प्रवेश परीक्षा में किया टॉप

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के गोशन स्कूल की कक्षा-5वीं की रिदम एवं प्रकृति ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में टॉप किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ सुरेश चंद्र जोशी ने बताया कि कक्षा 5वीं की रिदम राणा और प्रकृति राणा ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले में टॉप किया। वर्ष 1999 में केंद्र सरकार द्वारा स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मध्यम और उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है, न केवल उन्हें उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों और सरकारी और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में नौकरियों में आरक्षण



का लाभ उठाने में सक्षम बनाना है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंधक डॉ सुरेश चंद्र जोशी, अध्यक्ष सरोज जोशी, प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र कांडपाल ने बधाइयाँ प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिवदत्त जोशी, हेम कांडपाल, नीरज जोशी, नवीन शर्मा, दमनप्रीत कौर, हरजीत सिंह, नवनीत मसीह, आदि मौजूद रहे।

# डीएम और एसएसपी ने लमगड़ा तहसील और थाने का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता) जिलाधिकारी विनीत तोमर तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु ने जनपद में लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत तहसील लमगड़ा तथा थाना लमगड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील पहुंचकर यहां बने आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर यहां कार्यरत स्टाफ से आपदा से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान आपदा कंट्रोल रूम के



ड्यूटी प्रभारी ने अवगत कराया कि आपदा से संबंधित सूचनाएं सामान्य हैं। जिलाधिकारी ने समस्त स्टाफ को निर्देश दिए कि लगातार तत्परता बनाए रखें, तथा क्षेत्र में बने रहने के भी निर्देश दिए।इसके बाद जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना लमगड़ा का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आपदा के समय उपयोग किए जाने वाली सामग्री का निरीक्षण किया तथा इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि आपदा के समय प्रयुक्त होने वाली सामग्री की और आवश्यकता हो तो उसकी डिमांड प्रेषित की जाए।इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडे समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# भ्रूण हत्या रोकने के लिए सख्ती से हो नियमों का पालन: डीएम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति पीसीपीएनडीटी की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने लिंग निर्धारण से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल सम्बन्धित केन्द्रों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने समिति सदस्यों से भी कहा कि यदि भ्रूण लिंग निर्धारण या भ्रूण हत्या के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलती है तो जानकारी साझा की जाये ताकि सम्बन्धितों के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बैठक में चिकित्सा विभाग द्वारा सभी नॉर्म्स सही बताये जाने पर समिति द्वारा प्रैगिया होस्पिटल काशीपुर, राजकीय पशुचिकित्सालय सितारगंज, संजीवनी मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल काशीपुर के लिए अल्ट्रासाण्ड मशीन हेतु अनुमोदन किया गया जबकि नागरिक चिकित्साल खटीमा, गहतोड़ी हॉस्पिटल काशीपुर, किशोर हॉस्पिटल एण्ड इण्डोस्कोपिक सेंटर किच्छा, बोरा अल्ट्रासाउण्ड एण्ड क्लीनिक खटीमा, प्रसास होस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर सितारगंज के नवीनीकरण का अनुमोदन किया गया। बैठक में समिति सदस्य प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हरेन्द्र मलिक, बाल रोग विशेषज्ञ आरडी भट्ट, रेडियोलोजिस्ट अखिलेश कुमार, सरोज सिंह ठाकुर, बिन्दुवासिनी, नसरीन कुरैशी, सीमा सिंह, हीरा जंगपानी आदि उपस्थित थे।

# बीबीए पंचम सेमेस्टर में नवनीत कौर अव्वल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा विगत दिवस में घोषित परीक्षाफल में श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब का परीक्षाफल उत्तम रहा। विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत बीबीए पंचम, तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल घोषित हुआ है, जिसमें बीबीए पंचम सेमेस्टर में नवनीत कौर ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, महक राठौर ने 70.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, ओवेश ने 70 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर में अक्षिता ने 71.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, गगनप्रीत कौर ने 65.3 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व अर्शदीप कौर ने 64.9 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीबीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुखविंदर कौर ने 74.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, मुस्कान अंसारी ने 74.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व सोमिया राना ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु स्नातक स्तर पर बीए व बीबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ हो गए है। इस मौके पर महाविद्यालय संरक्षक बाबा तरसेम सिंह, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु बाला, अमृतपाल कौर, प्रबंधक डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी, बीबीए विभागध्यक्ष अफ्शा खान तथा समस्त शिक्षकगणों ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसएसपी ने यात्रियों से की बचाव की अपील

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।एसएसपी राम चन्द्र राजगुरू ने जनमानस से बारिश के अलर्ट के दौरान पहाड़ों में गैरजरूरी यात्रा से बचने की अपील की है। एसएसपी ने कहा कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। एसएसपी ने कह कि मौसम के पूर्वानुमान को देखकर ही अपनी यात्रा का प्लान करें, गैरजरूरी यात्रा करने से बचें भारी बारिश के चलते पहाड़ों से भूस्खलन होने, पत्थर, बोल्डर गिरने, नदी, नालों का जलस्तर बढ़ने की संभावना रहती है। बरसात में पहाड़ों का सफर जोखिमपूर्ण रहता है। इसलिए अनावश्यक यात्रा से बचें। यदि यात्रा अति आवश्यक हो तो अल्मोड़ा पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों 05962-232820 व 9411112981 से सड़कों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एसएसपी ने कहा कि समस्त थाना पुलिस लाइन के फोर्स को अलर्ट मोड में रखा गया है,थाना प्रभारियों को आपदा के उपकरणों को कार्यशील दशा में रखने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि ससमय किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके।



# एनएच पर कांवरियों के लिए खाली कराई सर्विस लेन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कावंड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। हरिद्वार से लौट रहे कांवरियों को एनएच पर दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए पुलिस प्रशासन व्यवस्थाएं दुरूस्त करने पर जुटा है। बता दें श्रावण मास में बड़ी संख्या में तराई से श्रद्धालु हरिद्वार से गंगा जल लेकर पैदल लौटते हैं। हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवरियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसके चलते एनएच पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए प्रशासन अर्लट हो गया है। गुरूवार शाम सीओ सिटी अनुषा बडोला ने एन एच के अधिकारियों के साथ काशीपुर रोड पर कांवड़ियों के लिए यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कांवरियों के लिए यातायात सुचारू करने के लिए सर्विस लाइन को खाली कराया। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। सीओ ने संबंधित चौकी प्रभारियों को भी निर्देश दिए कि सर्विस लाइन किसी भी तरह से बाधित न हो। सीओ के साथ बाजार पुलिस चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी महेश कांडपाल, सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट,एसआई सीपीयू सतपाल सिंह पटवाल भी मौजूद थे।



# एसएसपी ने किया हेवल्स गैलरी शोरूम उदघाटन

सितारगंज(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टीसी ने सितारगंज में हेवल्स गैलरी शोरूम का फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि शहर में इस प्रकार से हर कंपनी के शोरूम खुलने चाहिए जिससे उपभोक्ताओं को अपने आवास के लिए हर प्रकार की सुख सुविधायों से सुसज्जित सामान मिल सके। एस एस पी मंजुनाथ टीसी ने शोरूम स्वामी कपिल मित्तल व गणेश मित्तल को बधाई दी। हेवल्स के असिस्टेंट जनरल मैनेजर राजेश श्रीवास्तव ने बताया की हेवल्स इंडिया लिमिटेड हिंदुस्तान् की नंबर 1 कंपनी है और इसके उत्पाद भारत के अलावा लगभग 14 देशों में उपलब्ध है, कुमाऊं में कंपनी का 5 वीं गैलेक्सी है जिसमे कंपनी के सभी उत्पाद कंपनी रेट पर मिलेंगे।इस मौके पर शिवकुमार मित्तल,वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल,रोशन लाल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सुरेश सिंघल,प्रेम गोयल, मनोज गोयल,अनिल गर्ग, जगदीश मित्तल, अजीत सिंह जोशन, नरेश कंसल,बलजिंदर सिंह, पंडित मनोज जोशी,जीतेन्द्र यादव, प्रशांत दीक्षित,नीरज भारद्वाज,दीपक वर्मा, रवि गंगवार,अभिषेक सक्सेना, संदीप वर्मा, हितेंद्र रावत, चन्दन कश्यप, सतीश उपाध्याय, संजय जैन, अनिरुद्ध रॉय, आकाश मित्तल,प्रियांश मित्तल, मनोज गर्ग,उत्सव मित्तल,प्रियंक मित्तल, महेश सिंघल,सुभाष सक्सेना,सत्येंद्र दिवाकर, कुलदीप गंगवार,हरीश तनेजा, राजकुमार सिड़ाना, गोविन्द सिंघल,मनीष सिंघल, राजकुमार सिंघल,अमित गोयल, उमराव मनराल, भगवान सिंह भंडारी,नरेन्दर गुप्ता,मंजीत सिंह ज्ञानी, प्रिंस मित्तल, तरसेम सिंह आदि लोग रहे।



# बेहड़ ने दस लाख की सड़कों का किया लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधान सभा क्षेत्र का दौरा किया तथा विभिन्न क्षेत्रों मै जल भराव के कारण आवागमन मै आ रही दिक्कतों का जायजा लिया। इससे पूर्व प्रात: अपने गाँव मलसा पहुंचे जहाँ उन्होंने मंदिर में शीश नवाया और महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया इससे पूर्व सभी ग्रामीणों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्राम मलसा में अपनी विधायक निधि से 10 लाख की लागत से निर्मित करायी गयी दो सड़कों का फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात विधायक बेहड़ किच्छा आवास विकास स्थित अपने केम्प कार्यालय पहुंचे जहाँ उन्होंहे क्षेत्रवासियों से मुलाकात की तथा उनकी समस्यायें सुनी। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष गुड्डू तिवारी , किन्नू शुक्ला,अशोक चुग, लक्ष्मण बांगा,सुरेश प्रधान ,राजकुमार बांगा ,अशोक बांगा ,तीरथ मुंजाल,मोंटी प्रधान,राजेन्द्र प्रधान आदि भी मौजूद थे।





# जन समस्याओं को लेकर पार्षद के साथ नोंक झोंक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जगह-जगह जलभराव, नालियों और बिजली की व्यवस्था सुचारू न होने पर वार्ड एक के पार्षद सुरेश गौरी साथ वार्ड के लोगों की शुक्रवार को तीखी नोंक झोंक हुयी। इस दौरान वार्डवासियों ने पार्षद पर गंभीर आरोप लगाये। बता दें वार्ड एक में स्थित अंजनी बिहार कालोनी समेत अन्य कालोनियों की महिलाएं समस्याओं को लेकर दो दिन पूर्व जिलाधिकारी के पास गयी थी और पार्षद पर वार्ड की अनदेखी के आरोप लगाये थे। जिसके बाद पार्षद सुरेश गौरी ने अंजनी बिहार कॉलोनी में गड्ढों का भरान शुरू कर दिया है।पार्षद का कहना है कि वह नगर निगम में कई बार प्रस्ताव भेज चुके हैं पर वहां से उन्हें बजट नहीं मिलता है इसलिए उनको विकास कार्य करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। निगम के उदासीन और पक्षपात पूर्ण रवैये की वजह से विकास कार्य सुचारू रूप से नहीं करवा पाते हैं। शुक्रवार को पार्षद गौरी ट्रैक्टर ट्राली से मलवा डलवा रहे थे तभी वहां लोगों ने पार्षद के साथ तीखी नोंक झोंक की। पार्षद का कहना था कि यह मलवा भी वह अपने निजी पैसों से डलवा रहे हैं। र कॉलोनी वासियों का कहना था की 5 साल होने को आ गए हैं लेकिन पार्षद को जन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और ना ही दे कभी कॉलोनियों में झांकने आए हैं।



# राहत और बचाव के लिए पिथौरागढ़ पहुंचा हेलिकॉप्टर

पिथौरागढ़। सीमांत जिले पिथौरागढ़ में भारी बीरिश से 15 से ज्यादा सड़कें बंद है। जिस कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच सरकार ने पिथौरागढ़ के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए हेलिकॉप्टर भेज दिया है।प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में भारी बारिश के कारण कई सड़कें बंद है। जिस कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए सरकार ने पिथौरागढ़ में एक हेलिकॉप्टर भेज दिया है। जिसे राहत-बचाव कार्यों में इस्तेमाल में लाया जाएगा।सीमांत जिले पिथौरागढ़ में हर मानसून काल में दुर्गम क्षेत्र धारचूला, मुनस्यारी और अन्य क्षेत्र के लोगों को सड़कें बंद होने से खाने-पीने से लेकर अस्पताल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों को किसी भी प्रकार की कोआ परेशानी ना हो इसलिए सरकार ने ये फैसला लिया है। पिथौरागढ़ में हेलिकॉप्टर होने से दुर्गम क्षेत्र धारचूला, मुनस्यारी जैसे कई अन्य क्षेत्रों में हेली के माध्यम से आपदा में घायल और बीमार लोगों को समय से अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा। इसके साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत-बचाव कार्यों में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए भाजपा प्रदेश मंत्री शर्मा ने आयोजित किया शिविर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लए भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने शहर के वॉर्ड नंबर 39 गली नंबर 6 जगतपुरा स्थित श्री हनुमान मंदिर में शिविर आयोजित किया। इस दौरान लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तार से जानकारी दी गयी और लोगों को फार्म उपलब्ध कराये गये। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। आवासहीनों को आवास देने के लिए यह योजना चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके इसके लिए सभी वार्डों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने लोगों से आवास योजना के साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का भी लाभ उठाने का आहवान किया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं। अपने नौ साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने ऐतिहासिक फैसले लेकर भारत को विश्व में एक नई पहचान दिलायी है। आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत एक विश्व गुरू बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव रहा है। जिसके चलते आज उत्तराखण्ड भी लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर एई रमेश जोशी, मनीष पंत, दीपक मर्तोलिया, नरेश उप्रेती, राजेश जग्गा, चंदन सक्सैना, अजय कुमार, विक्की सैनी, प्रीत लाल यादव, सतवीर आदि मौजूद रहे।



# कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार क्षेत्र में अनियंत्रित कार चालक ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसे घायल अवस्था में नगर के निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार रामबाग गौलापार निवासी 48 वर्षीय नीरज बेलवाल खेतीबाड़ी का कार्य करते थे। गुरुवार को अपनी बाइक से गांव में ही धान लगाने के लिए मजदूरों को लेने के लिए जा रहे थे। तभी घर से कुछ दूरी पर सामने से आ रही अनियंत्रित कार के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में नीरज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद आसपास के लोगों व परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव को कब्जे लिया और परिजनों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। सूचना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# छात्रवृत्ति हेतु उदीयमान खिलाड़ियों का जल्द होगा चयन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना की बैठक जिला अधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। योजना के अंतर्गत 8 से 14 वर्ष तक के उदीयमान खिलाडि़यों का चयन छात्रवृत्ति हेतु किया जाना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने न्याय पंचायत, विकास खंड व जिला स्तर पर खिलाडि़यों के चयन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी अरूण बनग्याल ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजनाके तहत अलगअलग आयु वर्ग में जनपद के उदीयमान खिलाडि़यों का चयन किया जाना है उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत व नगर पंचायत स्तर पर 19 जुलाई, से 22 जुलाई, खिलाडि़यों का चयन किया जाएगा। इसके बाद विकास खंड स्तर नगर पालिका स्तर पर 24 जुलाई से 27 जुलाई तथा जिला स्तर पर 1 अगस्त, से 4 अगस्त, को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत/नगर पंचायत, नगर निगम नगर पालिका एवं प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु प्रत्येक विद्यालय से 2-2 बालक व बालिकाओं का चयन संबंधित विद्यालय द्वारा किया जाएगा। उसके उपरान्त चयन विभिन्न स्तरों पर गठित समितियों द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षण के आधार पर किया जायेगा जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा के 150 बालक एवं 150 बालिकाओं द्वारा जिला स्तर पर प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत, नगर पंचायत, नगर नालिका एवं जिला स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाडि़यों को 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' हेतु आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, स्थाई निवास प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बैठक में परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ आरसी पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेलराइज इंडस्ट्रीज में सिक्स सिग्मा के छात्रों का चयन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा कंपनी का प्लेसमेंट कराया गया । प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया । प्रक्रिया कम्पनी के एच.आर.हेड दिवाकर दूबे की देखरेख में हुई। सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी । इस प्रक्रिया में इस संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल के 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । जिसमे से 06 का चयन हुआ एवं चयन के छात्रों में खुशी व सकारात्मक भावना थी । छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबर, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह व सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।



# बरसात में दलदल से बेहाल हुई रोडवेज कार्यशाला

## बसों को निकालने में हो रहे परेशानी,कर्मचारियों में रोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय रोड़वेज में जब से निर्माणदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है रोड़वेज के सभी कर्मचारियों को रोजाना कार्यशाला में बसों को निकालने या खड़ी करने में परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। अब बरसात ने तो कर्मचारियों की मुसीबतें और भी बढ़ा दीं हैं। आज हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि कार्यशाला से बसें निकालना या खड़ी करना तो दूर कर्मचारियों को कार्यशाला पैदल आने जाने के लिए भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। सम्पूर्ण कार्यशाला में निर्माण कार्य के कारण बरसात के चलते चिकनी मिट्टी का भारी दलदल हो गया है। कर्मचारी यदि पैदल कार्यशाला जाते हैं तो उनके जूते चप्पल मिट्टी के दलदल में ही फंस कर रह जाते हैं। इतना ही नहीं उनके चिकनी मिट्टी में गिरकर चोटिल होने का भी हमेशा खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति में कार्यशाला से बसों को निकालने या खड़ी करने में कर्मचारियों को किन हालातों का सामना करना पड़ता होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। कर्मचारियों का आरोप है कि वह इस सन्दर्भ में कई बार निगम के अधिकारियों को सूचित कर चुके हैं लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नही हो रही है। सम्भवतया अधिकारी किसी बड़ी घटना के घटित होने का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि रोडवेज को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाये जाने के लिए पिछले करीब एक वर्ष से निर्माण कार्य कार्य चल रहा है। लेकिन अभी तक जिस गति से कार्य हो रहा है उसे देखते हुए तो यही अनुमान लगाया जा सकता है कि निर्माण कार्य अभी कम से कम एक वर्ष और जारी रहेगा। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों के समक्ष परेशानियां बढ़ती जायेंगी। वर्तमान में कार्यशाला की व्यवस्थायें पूरी तरह से चरमराई हुई हैं।



कर्मचारी परेशान कोई सुनने वाला नहीं। ऐसे में कर्मचारी व्यवस्था में सुधार होने तक यदि कार्यशाला से बसों को बाहर निकालने या अन्दर खड़ी करने से मना कर दें तो आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि कर्मचारियों में वर्तमान में भारी रोष व्याप्त है। यदि निगम के अधिकारियों ने जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया तो स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है।


श्री बांके बिहारी की कृपा से

**श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा**

दिनांक–30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक

● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था

प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये

यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।

सम्पर्क करे–7248133444,8476003072


# केनरा बैंक ने आयोजित किया मेगा रिटेल एक्सपो

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केनरा बैंक की ओर से रामलीला ग्राउंड में मेगा रिटेल एक्स्पो आयोजित किया गया। जिसमें शहर के प्रमुख कार डीलर, मारूति, टाटा, टोयोटो, नेक्सा, निसान,हुंडई, महिन्द्रा,एमजी, ने अपने नये मॉडलों का प्रदर्शन किया। साथ ही विभिन्न बिल्डरों कनॉट इन्फ्राटेक, सुपरटेक, रिवरक्रेस्ट, देव होम्स आदि ने भी भागीदारी की। केनरा बैंक हल्द्वानी क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक हनीश बाबू टीपी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान कैनरा बैंक रूद्रपुर खुदरा केन्द्र के मंडल प्रमुख राजेश कुमार ने केनरा बैंक की नई गृह,वाहन और शिक्षा ऋण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्राहकों को दी। मेगा रिटेल एक्सपो में ही गृह वाहन और शिक्षा ऋण तत्काल स्वीकृत किये गये। ग्राहकों को मौके पर ही अनुमति पत्र दिये गये।



# एनएच पर फंसे वाहन चालकों के लिए लगाया लंगर

गदरपुर (उद संवाददाता)। हरिद्वार से कांवर लेकर लौटने वाले कांवरियों की सुरक्षा के लिए मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले विभिन्न स्थानों को आने–जाने वाले सैकड़ों भारी वाहनों को 5 दिन से रोका गया है जिससे वाहन चालको को खाने पीने की भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी गदरपुर,गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज, गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर, गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर स्वार रामपुर,गुरद्वारा बाबा बुढ़ा जी महेशपुरा दोराहा बाजपुर के अलावा नगर क्षेत्रों की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत द्वारा वाहन चालकों,हेल्परों एवं अन्य राहगीरों के लिए गुरु के लंगर का वितरण किया। जिसमें रोटी,दाल, चावल, कढ़ी, अन्य सब्जियां, अचार, चाय ,बिस्कुट ,पानी एवं फल आदि शामिल थे। भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह, ज्ञान सिंह बठला ,सुखविंदर सिंह बठला,अमन सिंह बठला , भाई प्रेम सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय संगत द्वारा लंगर के लिए भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। नगर पालिका परिषद गदरपुर के सौजन्य से पानी का टैंकर उपलब्ध कराया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की जा रही है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कहना था कि 5 दिन से लगातार भूखे प्यासे वाहन चालक मुसीबत में फंसे हुए हैं सभी का फर्ज बनता है कि सेवा कार्यों में सहयोग करके अपना फर्ज निभाएं। सेवादारों द्वारा वाहनों में भोजन रखकर सभी वाहन चालकों तक पहुंचाया गया वही बताया जा रहा है कि 17 जुलाई तक कांवरियों का हरिद्वार से आना–जाना जारी रहेगा। तब तक भारी वाहनों को रोककर रखे जाने की बात कही जा रही है। कई वाहन चालक पंजाब, हरियाणा,जम्मू कश्मीर,उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के लिए आवागमन करने के लिए एनएच पर जगह–जगह पर फस गए हैं वहीं प्रशासन द्वारा उनके लिए कोई सुविधा का इंतजाम नहीं किया जा रहा जिससे उनमें भारी रोष बना हुआ है। सेवादारों का कहना है कि जितने दिन जरूरत होगी हम लंगर प्रसाद से मुसीबत में फंसे वाहन चालकों की मदद करेंगे। एक तरफ भारी वाहनों को तो मुख्य मार्ग पर, हाईवे पर,बायपास मार्ग पर कांवरियों की सुरक्षा के लिए 6 दिन से रोका गया है परंतु शहरी क्षेत्र में ओवरलोड दौड़ रहे डंपर लोगों के लिए मुसीबत बने हैं प्रशासन इस बारे में कोई जवाब देने के लिए तैयार नहीं है। यदि भारी वाहनों से खतरा है तो डंपर भी भारी वाहनों में ही आते हैं यह सुनने,मानने के लिए कोई तैयार नहीं है।



# पाण्डे ने किया दो सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास

गदरपुर(उद संवाददाता)।विधायक अरविंद पांडे ने एनएच 74 से ग्राम फतेहगंज तक तथा एनएच–74 से ग्राम आबाद नगर तक की सड़कों के नवीनीकरण एवं डामरीकरण कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गदरपुर विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने के लिए यथासंभव प्रयास किए जाएंगे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में



उत्तराखंड विकास की ओर अग्रसर है और इस विकास की गंगा को रुकने नहीं दिया जाएगा। कहा कि दोनों मार्ग शीघ्र ही तैयार होकर ग्रामीणों को हो रही परेशानी से निजात दिलाएंगे। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश भुडडी, संतोष गुप्ता,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया,रंजीत सिंह,मुकेश सिंह ,कंचन सिंह,जसवीर चीमा, राजू कंबोज,कश्मीर कंबोज आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# शाजिया से शालिनी बनी युवती ने प्रेमी संग लिये सात फेरे

## दो समुदायों के प्रेमी युगल की शादी बनी चर्चा का विषय

**–कैलाश पंडित–**

किच्छा। प्रेम और तिरस्कार ये दो शब्द ऐसे है जो किसी भी समाज में प्रचलित हैं। इन दो शब्दो में से प्रेम को परिलक्षित करते हुए दो विभिन्न समुदायों के लोगों ने यहां समाज के सामने रख कर प्रेम और सौहार्द की मिसाल कायम की है। जहां वर्तमान में कुछ समाज के ठेकेदार समाज को बांटने का काम कर रहे है और राजनीतिक लाभ लेना चाह रहे हैं वही नगर में दो समुदायों के बीच विवाह कर रिश्तों में बंध जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसा हो भी क्यों नही क्यों कि दुल्हा और दुल्हन अलग अलग समुदाय के हैं। नगर क्षेत्र के एक मुस्लिम नव विवाहिता द्वारा अपना धर्म छोड़कर हिंदू रीति रिवाज से अपने प्रेमी के साथ विवाह किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती का विवाह विगत 3 जुलाई को युसूफ नाम के युवक से हुआ था। विवाह के बाद नव विवाहिता अपने पति को छोड़कर अपने प्रेमी छोटू के पास आ गई थी और उसी के साथ रहने की जिद करने लगी। मामला प्रकाश में आने के बाद हिंदू संगठन के तमाम कार्यकर्ता युवती के पक्ष में आए और परिवार जनों की सहमति के बाद उन्होंने युवती का विवाह प्रेमी छोटू के साथ मंदिर में करा दिया। इस दौरान पूर्व पति ने भी विवाहिता को अपने साथ रखने से इनकार करते हुए विवाह में मिले दान दहेज को भी परिवार जनों को वापस कर दिया। फिलहाल पूरा मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मुस्लिम युवती शाजिया का प्रेम प्रसंग लंबे समय से छोटू नाम के युवक से चल रहा था। परिजनों के दबाव में शाजिया ने विगत 3 जुलाई को युसूफ नाम के युवक से निकाह कर लिया। विवाह के बाद शाजिया अपने पति को छोड़कर प्रेमी छोटू के पास आ गई। मामला जानकारी में आने के बाद हिंदू संगठन के तमाम कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में शाजिया ने अपना धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया और शाजिया से शालिनी बनी युवती का प्रेमी छोटू के साथ हिंदू रीति रिवाज से नगर स्थित एक मंदिर में विवाह करा दिया गया। विवाह के बाद शालिनी अपने पति छोटू के साथ ससुराल आ गई है। मंदिर में विवाह संपन्न होने के बाद छोटू एवं शालिनी काफी खुश नजर आए और उन्होंने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का आभार जताया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने शाजिया के मायके एवं ससुराल पक्ष के साथ वार्ता करते हुए विवाह के लिए राजी कर लिया। शाजिया के पूर्व पति यूसुफ की रजामंदी के बाद शाजिया से शालिनी बनी नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक बंधन में बंध गई। बताया जा रहा है कि निकाह के दौरान शाजिया के परिजनों ने विवाह में जो दान दहेज दिया था, पूर्व पति यूसुफ ने उसके परिवार जनों को सामान भी वापस कर दिया। फिलहाल पूरा मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। हिंदूवादी संगठनों ने छोटू एवं शालिनी को वैवाहिक जीवन की बधाई देते हुए उनका स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ससुराल पहुंचने के बाद प्रेमी छोटू के परिजनों ने भी शालिनी का जोरदार स्वागत किया। सबसे अहम बात ये है की इस प्रेम कहानी में महिला के पहले पति और महिला के मायके वालों ने भी जिस तरह से दोनों प्रेमियों का साथ दिया वह प्रशंसा योग्य है। सवाल यह उठता है कि जब कभी धर्म मजहब के नाम पर दंगे भड़कते है तो उनके पीछे कौन रहता है।



# पशुओं को सताने वालों पर सख्ती से करें कार्यवाही: डीएम

## 5 स्थानों पर निराश्रित पशु संरक्षण हेतु गौशाला हेतु भूमि का चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने पशुओं के प्रति क्रूरतापूर्ण बरताव करने, पशुओं को अनावश्यक पीड़ा या यातना पहुँचाने, पशु का अंग विच्छेद करने या किसी



अन्य अनावश्यक क्रूर ढंग से पशु को मार डालने एवं पशुओं को सताने वाले व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश चिकित्सा तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने चारागाह एवं पशुधन के उपयोग हेतु अपर मुख्य अधिकारी के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आवारा पशुओं का जन्म नियंत्रित हो, इसके लिए जनपद के ए०बी०सी० सैन्टरों पर आवारा पशुओं विशेषकर कुत्तों का बध्याकरण की कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने गौशाला संचालकों से कहा कि प्रशासन द्वारा गौशाला संचालन हेतु हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने गौशाला संचालन हेतु मिलने वाली अनुदान राशि को प्रति वर्ष समय से उपलब्ध कराने हेतु शासन से पत्राचार करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होंने शहरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती तादाद के दृष्टिगत एसओपी बनाये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने पशु क्रूरता निवारण हेतु विभिन्न जिलों में किये गये कार्यों के अनुभव भी साझा किये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में तहसील स्तर पर 5 स्थानों पर निराश्रित पशु संरक्षण हेतु गौशाला हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है। जिन्हें एन०जी०ओ० के माध्यम से संचालित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये ताकि निराश्रित एवं आवारों पशुओं को संरक्षित किया जा सके।बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.एसबी पाण्डे, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.केके जोशी, श्री राधेकृष्ण गौसेवा सदन बाजपुर से जगदीश गोयल, कोषाध्यक्ष श्रीकृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला सितारगंज से भीमसेन गर्ग, गौलोकधाम, कनकपुर से रामस्वरूप सिंह चौहान, नारद जोशी, व अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रुद्रपुर के पैरा शटलर रवि पाल ने युगांडा में जीता गोल्ड मैडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के युवा पैरा शटलर खिलाड़ी रविपाल ने यूगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड के साथ ही पाल समाज को गौरवान्वित किया है। उन्हे व उनके परिवार को तमाम लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।गत दिनों युगांडा में आयोजित पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में रुद्रपुर के पैरा शटलर रवि पाल ने गोल्ड पदक हासिल कर रुद्रपुर का ही नहीं वरन पूरे उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। रवि पाल के गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद राज्यवासियों के साथ ही पाल समाज में खुशी की लहर है। सभी ने रवि पाल को उसकी इस उपलब्धि पर ढेरों बधाइयां दी। वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम नेताओं ने भी रवि पाल को शुभकामनाएं दी हैं।ट्रांजिट कैंप स्थित नारायण कॉलोनी निवासी रवि पाल पिछले कुछ वर्षों से बैडमिंटन खेल रहे हैं। उनका कहना है कि जब वह नवोदय विद्यालय में पढ़ते थे तब उनकी पीटीआई अनुराधा शर्मा ने उन्हें बैडमिंटन खेलने के लिए प्रोत्साहित किया था। जिसके चलते उन्होंने फिर इस खेल को गंभीरता से लिया और पिछले दो वर्षों से वह दिल्ली निवासी अपने कोच सलमान खान से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनका कहना है कि लगातार दो साल की कड़ी मेहनत के बाद उन्हें आज यह मुकाम मिला है। रवि पाल ने बताया कि इससे पूर्व उड़ीसा, लखनऊ और बनारस में भी



नेशनल खेल चुके हैं। इस बार युगांडा के कंपाला में उन्हें अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने को मिला। जहां उन्होंने पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। जैसे ही रविपाल के गोल्ड मेडल जीतने की खबर मिली सभी खुशी से झूम उठे। पैरा शटलर रवि पाल के कोच सलमान खान ने बताया कि वह स्वयं नेशनल खेल चुके हैं लेकिन जो मुकाम उन्होंने इस खेल में नहीं पाया। वह उनके शिष्य रवि पाल ने हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्ष से प्रतिदिन रवि ने कड़ी मेहनत की। जिसके चलते उन्हें यह पदक हासिल हुए हैं। सलमान ने बताया कि रवि के अलावा उनकी एक शिष्य हरियाणा की लड़की ने भी पदक हासिल किया है। वर्तमान में वह लगभग 90 खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। कोच सलमान और रवि ने बताया कि उनका अगला मिशन ओलंपिक खेलना है और यदि वह आने वाले वर्षों में नेशनल की कुछ प्रतियोगिताएं जीते हैं तो वह दिन रात कड़ी मेहनत कर ओलंपिक में खेलना चाहेंगे। रवि पाल की सफलता पर विधायक अरविंद पांडे, विधायक शिव अरोरा समेत पाल समाज के तमाम लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# कांवड़ियों के जत्थे को किया रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा काली मंदिर से हरिद्वार के लिए पवित्र गंगाजल लेने जा रहे डाक कावड़ कांवरियों को रवाना किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल और विपिन शर्मा बिट्टू ने हर हर महादेव के जयघोषों के साथ कांवड़ यात्रियों को हरिद्वार के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शान्ति की कामना की। इस दौरान जाने वालों मे आदित्य धीमान, देवेश, प्रकाश पाल, रोहित गंगवार, अंकित गुप्ता, अंकित पाल, जीतपाल, बंटी शर्मा, राजेश, अंकित सक्सेना, विक्की श्रीवास्तव, संजीव राजपूत, रिंकू, सुभाष, हिमांशु कोली, अंशु पाल, शिवा पाल, राजीव गुप्ता, विशाल सक्सेना, राजेश कोली, अमन गुप्ता, अमित पटेल, अनमोल त्रिपाठी, शुभम सैनी, अनूप देवनाथ, अभिषेक प्रजापति, पवन सहित भक्त जन उपस्थित थे।








## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### सट्टेबाजी और आनलाईन गेमिंग

यह कर किसी भी प्रतिभागी की ओर से लगाए जाने वाले दांव की पूरी रकम पर लगेगा। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की प्रणाली अमल में आने के बाद कारोबार जगत में नियमन का एक तंत्र लागू हुआ है और इसके बाद सरकार के राजस्व के दायरे में भी विस्तार हुआ है। लेकिन अब भी ऐसे क्षेत्र में हैं, जिनमें कर के अलग-अलग स्तर का नियम लागू होने को लेकर अस्पष्टता रही है और उस पर कई हलकों से बोझ घटाने की मांग भी हुई है।हालांकि केंद्र सरकार ने आम लोगों के हित को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं से संबंधित कारोबार में कर निर्धारण के मामले में कई स्तरों पर रियायत बरती है, लेकिन किसी व्यवसाय की प्रकृति को देखते हुए उसमें टैक्स के अनुपात को ऊंचा भी रखा गया है। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद की पचासवीं बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग में अट्ठाईस फीसद की दर से जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा।यह कर किसी भी प्रतिभागी की ओर से लगाए जाने वाले दांव की पूरी रकम पर लगेगा। हालांकि गोवा की ओर से आनलाइन गेमिंग के मंच फीस को कम करके अठारह फीसद जीएसटी लगाने की मांग की गई थी, लेकिन इस सिफारिश पर अन्य पक्ष सहमत नहीं हुए।बैठक में इस मसले पर आमतौर पर सभी के बीच सहमति बनी कि कौशल और मौके के खेल के बीच अंतर नहीं किया जाना चाहिए।दरअसल, घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग अब संगठित रूप से भी संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन इसका एक पहलू यह भी है कि इसे विलासिता संबंधी आवश्यकता के दायरे में रख कर देखा जाता है। शायद यही वजह है कि इसमें लगाई गई दांव की राशि पर कर का स्तर ऊंचा रखने की जरूरत महसूस हुई। मगर इसके साथ यह सवाल भी है कि अगर सरकार एक ओर जुए, सट्टेबाजी और आनलाइन खेलों को लेकर सख्त रुख अख्तियार करती है, तो इसमें दांव की राशि पर टैक्स की दर तय करने से क्या परोक्ष रूप से इसे स्वीकृति देने का भाव नहीं पैदा होता है! गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले सरकार ने जुए, सट्टेबाजी और आनलाइन गेम खेलने के विज्ञापनों के खिलाफ एक परामर्शी चेतावनी जारी की थी, जिसमें सट्टेबाजी से जुड़े मंचों को बढ़ावा न देने की सलाह दी गई।इसमें एक ऐसा ढांचा खड़ा करने की भी बात कही गई थी कि अगर किसी आनलाईन खेल को अनुमति दी जाती है तो यह ध्यान रखा जाएगा कि उसमें किसी भी तरह से दांव या बाजी लगाने की प्रवृत्ति शामिल नहीं है।संभव है कि जिस कोण से जुआघर, घुड़दौड़ और आनलाइन गेम में दांव की राशि में जीएसटी तय करने की बात की गई है, उसका आधार यह हो कि सरकार की ओर से जिन कसौटियों पर इन खेलों को स्वीकृति दी गई है, उनके मामले में नया नियम लागू होगा। लेकिन अगर मौके के किसी खेल में सट्टेबाजी का चलन है या फिर कोई दांव लगाया जाता है तो कौशल आधारित खेलों के समांतर उनकी प्रकृति में कैसे फर्क किया जा सकता है! जुआ, सट्टेबाजी और आनलाइन गेम का दायरा इतना बड़ा हो चुका है कि उसे लेकर सरकार को विस्तृत और स्पष्टता पर आधारित नियम बनाने की जरूरत है। कर निर्धारण से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि अगर सरकार किसी काम को प्रतिबंधित करती है तो उसे लेकर वह स्पष्ट है कि इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। किसी कारोबार में नियमन को ठोस स्वरूप देना जरूरी है, लेकिन उससे अगर गलत तरीके से भ्रम पैदा होता है और उसका फायदा गैरकानूनी तरीके से अपना धंधा चलाने वाले उठाते हैं तो ऐसे मामले में एक स्पष्ट नीति होनी चाहिए।

# चंपावत में फलोत्पादन एवं बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन बढ़ायेगी काश्तकारों की आजीविका

चंपावत (उद संवाददाता)। फलोत्पादन एवं बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन में चंपवात मॉडल जिले की परिकल्पना साकार होने जा रही है। आने वाले कुछ ही वर्षों में यहां के उत्पादों से किसानों के चेहरों में आने वाली मुस्कान इस जिले की पहचान बनेगी। उद्यान विभाग द्वारा यहां लाई गई सेव की नई प्रजातियां डेलीसस का स्थान लेती जा रही हैं। सबसे पहले जिले के सुईं गांव के पूर्व सैनिक एवं प्रगतिशील किसान तारादत्त खर्कवाल द्वारा सेव के पौध लगाये थे। उद्यान विभाग द्वारा तीन साल में फल देने वाली इन प्रजातियों के पौधों को 218 हेक्टेयर क्षेत्र को आच्छादित कर दिया है। जिसका लाभ सीधे यहां के काश्तकारों को मिल रहा है। इसी प्रकार जिले में कीवी के उत्पादन को भी उद्यान विभाग के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है,विभिन्न क्षेत्रों के किसान इसे अपना रहे हैं। भले ही यह यहां के लिए नया अनुभव हो, लेकिन औषधीय गुणों से भरपूर इस फल का प्रक्षेत्र लगातार जिले में बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक परीक्षणों में यहां की मिट्टी कीवी के लिए काफी विषेश पाई गई है। पांच साल से फल देने वाले कीवी के पौधे यहां के उत्पादकों की आर्थिकी को बढ़ाएगा। यहां के घाटी वाले क्षेत्रों में आम के उत्पादन को भी काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। हरेला पर्व के बाद घाटी



क्षेत्रों से आम बाजार में आने लगता है। उद्यान विभाग द्वारा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेव, कीवी, अखरोट तथा घाटियों में आम, अमरूद, लीची को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी द्वारा समय-समय पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित उद्यान नर्सरी के साथ ही काश्तकारों के खेतों में जाकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का उचित लाभ प्रदान करने हेतु उद्यान विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए जाते रहे हैं। जिला उद्यान अधिकारी टी एन पांडेय व जिले के चारों ब्लॉकों में तैनात सहायक विकास अधिकारी उद्यान एमएस रावत, आशीष रंजन खर्कवाल, प्रदीप पचौली एवं निधि जोशी जैसे उद्यान विशेषज्ञों द्वारा एक बेहतर सोच के साथ कार्य किया जा रहा है। वह दिन दूर नहीं जब चंपावत जिले की जैविक अखरोट एवं अमरूद के उत्पादन में भी पहचान होगी। जाड़ों में पैदा होने वाला अमरुद यहां के काश्तकारों को लाभ पंहुचेगा। द्यान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बांस-हिचौड़ा गांव के जगतराम ऐसे किसान हैं, जो लगभग एक लाख रुपए के अमरुद बेचने लगे हैं। बेमौसमी सब्जियों का क्षेत्र भी जिले में लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष फ्राचबीन, टमाटर एवं शिमला मिर्च आदि सब्जियों के दामों में जो बढ़त आई है, उससे किसानों का इस ओर और रुझान बढ़ता जा रहा है। उद्यान विभाग द्वारा जिले में इस वर्ष लगभग 1800 पॉलीहाउस स्थापित किए जाने हैं। यह पॉलीहाऊस बेरोजगारी दूर करने का एक माध्यम बनेगा। इसी प्रकार मौन पालन एवं फलोत्पादन की जुगलबंदी से उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। चंपावत जिले में जिस तेजी के साथ फलोत्पादन, सब्जी उत्पादन एवं फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, इससे मौनपालन को भी जोड़ा जा रहा है जो सोने में सुहागे जैसा काम करेगा। इससे पॉलीनेशन के कारण जहां उत्पादन में 30 से 35 फीसदी इजाफा आएगा बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता में भी काफी निखार आ जाता है।

# ऋषिकेश एम्स के दीक्षांत समारोह में पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के तीसरे दीक्षांत समारोह में 1041 छात्र-छात्राओं को उपाधि वितरित की गई। इनमें यूजी, पीजी, सुपर स्पेशियलिटी तथा एलाइड साइंस के छात्र- छात्रा शामिल थे। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, एम्स ऋषिकेश की चिकित्सकीय टीम ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड और पड़ोसी राज्यों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके लोगों का विश्वास जीता है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में संस्थान की रैंकिंग में भी काफी वृद्धि हुई है। ऋषिकेश एम्स अब देश के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उपाधि पाने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि आपने अभी शिक्षा की डिग्री हासिल की है, लेकिन सामाजिक जीवन की शिक्षा लेना और समाज की कसौटी पर खरा




उतरना अभी बाकी है। जो कि बेहतर चिकित्सा सेवा के संकल्प से ही संभव है। कहा, जिस दिन चिकित्सकों के मन में नागरिक स्वास्थ्य का भाव जाग जाएगा उस दिन उनके लिए पैसा मायने नहीं रखेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि भारत के चिकित्सक अपने चिकित्सा सेवा के पेशे के प्रति दुनिया के अन्य देशों से अधिक जिम्मेदार हैं। उन्होंने बताया कि कोविड के दौर में दुनिया के कई विकसित देशों के चिकित्सकों ने अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन नहीं किया, मगर हमारे चिकित्सक प्रतिबद्धता के साथ अपना घरबार छोड़कर दिनरात मरीजों की सेवा में जुटे रहे। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि वर्तमान में एम्स संस्थान के लिए लगभग 2000 चिकित्सक सेवारत हैं, जो कि मेडिकल एजुकेशन के साथ-साथ मरीजों के उपचार में जुटे हैं। दीक्षांत समारोह में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पंवार व प्रोफेसर एसपीएस बघेल, संस्थान के अध्यक्ष पद्मश्री प्रोफेसर समीरन नंदी, सूबे के वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखंड डॉ. धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में 44 जेसीबी तैनात

नैनीताल(उद संवाददाता)। प्रदेश में पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक भूस्खलन, जलभराव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों तक भारी से अत्यंत भारी बारिश के आसार हैं। जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया की भारी बारिश के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन के सभी अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही समय-समय पर संवेदनशील स्थानों पर अधिकारियों को निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए हैं। वहीं भूस्खलन से प्रभावित इलाकों में बरसात के हालात को देखते हुए निरंतर लोगों से संपर्क बनाए रखने और विस्थापन किए जाने की दृष्टि से तत्काल एक्शन लिए जाने को कहा गया है। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि जिले में तीन राजमार्ग सहित 22 सड़कें बंद है। जिन्हें जेसीबी की मदद से खोला जा रहा है। इसके अलावा काठगोदाम हेड़ाखान मार्ग में भी मलबा आने से मार्ग बाधित हो गया था। जिसके बाद तत्काल मलबे को हटाने के लिए जेसीबी तैनात की गई है। डीएम ने बताया कि जिले के अलग-अलग स्थानों पर 44 जेसीबी तैनात की गई है जो कि सड़क मार्ग बाधित होते ही उन्हें खोलने का काम कर रही है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जिले की सभी तहसीलों को चार करोड़ की धनराशि जारी की गई है।

# लूटे गये छह मोबाइलों सहित दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से राह चलते लोगों से लूटे गये छह मोबाइल बरामद किये हैं। साथ ही चोरी और लूट में प्रयुक्त बाईक भी बरामद की है। एस एस आई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि शहर लगातार बढ़ती मोबाइल छीनने की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। रम्पुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या के नेतृत्व में टीम चैकिंग कर रही। तभी ब्लाक रोड पर एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने पीछा करते हुए बाइक सवार को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दूधिया नगर कैनाल कालोनी वार्ड 12 निवासी रोहित कश्यप पुत्र मनोज कश्यप और वार्ड नंबर 19 खेड़ा निवासी मान सिंह पुत्र राजपाल सिंह बताये। दोनों के कब्जे से लुटे गये छह मोबाइल बरामद किये गये। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। पकड़ने वाली टीम में अमित जोशी, महेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।



# योगाभ्यास से दूर होता है तनाव, चिंता और अवसाद

तेजी से दौड़ती भागती इस दुनिया में काम के तनाव और सामाजिक-पारिवारिक समस्याओं के कारण लोगों में तनाव की समस्या होना सामान्य है। आज की दुनिया में, जहां लोग तनाव, चिंता और अवसाद से ग्रस्त होते जा रहे हैं ऐसे में अपने दिमाग को शांत करने के तरीकों के बारे में जानना कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। तनाव की स्थिति आपके रिश्तों, कामकाज और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। एक अध्ययन के अनुसार, नियमित रूप से योगाभ्यास करके आपको तनाव, चिंता और अवसाद से लड़ने में मदद मिल सकती है। योग समग्र रूप से मन को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी हैं। कई प्रकार के योगासनों का नियमित अभ्यास करने से मन को शांत और एकाग्र बनाने में मदद मिल सकती है। **मन को शांत रखने के लिए करें चाइल्ड पोज का अभ्यास:** चाइल्ड पोज मुद्रा मन को शांत करने, किसी भी तरह के तनाव को



कम करने में बहुत फायदेमंद है। इसे आपके लसीका और तंत्रिका तंत्र के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इस योगाभ्यास को करने के लिए मैट पर वज्रासन में बैठ जाएं। अब श्वास अंदर लेते हुए दोनों हाथों को सीधा सिर के उपर उठा लें। श्वास बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और हथेलियों और सिर को जमीन पर टिकाएं। लंबी श्वास अंदर लें और बाहर छोड़ें। दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में जोड़ते हुए सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रखें। रोजाना इस अभ्यास को करें। **कोबरा पोज योग के लाभ:** मन को शांत रखने के साथ कई प्रकार की समस्याओं को कम करने में कोबरा पोज योग के अभ्यास को लाभदायक माना जाता है। यह आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ाने के साथ और मूड को ठीक रखने और पीठ को मजबूती देने में भी सहायक है। कोबरा मुद्रा के लिए जमीन पर लेट जाएं और अपनी हथेलियों को फर्श पर कंधे की चौड़ाई से अलग रखें। अपने निचले शरीर को जमीन पर रखते हुए श्वास लें और अपनी छाती को फर्श से उठाते हुए छत की ओर देखें। सांस छोड़ते हुए अपने शरीर को फर्श पर दोबारा लेकर आएं। इस योग को रोजाना 5-10 मिनट तक करें। **वृक्षासन मन को करे शांत:** इसमें कम से कम 10 मिनट तक इस स्थिति में रहना होता है। अपने एक पैर को लें और इसे अपने दूसरी पैर के ऊपर जांघ पर रखें. वृक्षासन एक एडवांस्ड माउंटेन मुद्रा है, जिसका उद्देश्य आपके संतुलन और एकाग्रता में सुधार करना है। यह हमारे पैरों की बैलेंसिंग मसल्स को मजबूत करने में भी मदद करता है। **शवासन का अभ्यास दिमाग और मन को करे शांत:** अगर आप ऊपर दी गई किसी भी मुद्रा को ट्राई नहीं करना चाहते हैं, तो आप शवासन तो कर ही सकते हैं। इसमें आपको केवल चटाई पर आंखें बंद करके लेटना होता है। लेकिन इस छोटे से आसन से आपका तनाव काफी हद तक कम हो जाता हैं।

**-अलका सिंह, योग विशेषज्ञ**

# उत्तरकाशी में जिलाधिकारी एवं एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उत्तरकाशी श्री अभिषेक रुहेला एवं एसपी उत्तरकाशी श्री अर्पण यदुवंशी द्वारा गुरूवार को बारिश के कारण कुटेटी देवी मन्दिर के पास क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग, माण्डों गांव स्थित खेत में दरार पडने एवं ज्ञानसू स्थित जौंकाणी में घरों के पीछे पहाडी से मलावा आने का मौके



पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया, इस दौरान उनके द्वारा ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा मानसून एवं भारी वर्षा के दृष्टिगत सभी को सतर्क एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# डीएम ने स्पोर्ट्स कालेज का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने लेलू स्थित श्री हरि सिंह थापा स्पॉटर्स कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज में कक्षा संचालन कार्य एवं कॉलेज के निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कॉलेज में स्थित कक्षा कक्षाओं, लाईब्रेरी, हॉस्टल, रसोईघर, शौचालय, स्नानघर आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शौचालय एवं स्नानघर में सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश कॉलेज के प्रधानाचार्य को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई, उन्हें मिल रहे भोजन मीनू एवं उनकी खेल रूचि आदि के बारे में जानकारी ली।उन्होंने कॉलेज प्रांगण में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल का निरीक्षण किया तथा कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा निर्माण कार्य में हीला हवाली बरते जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लेबर की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाय ताकि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके।जिलाधिकारी ने कॉलेज प्रांगण मे ही नेशनल गेम के लिए निर्माणाधीन मल्टी परपज हॉल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने



कार्यदायी संस्था पेयजल निगम पिथौरागढ़ के अधिकारियों को मल्टीपरपज हॉल के निर्माण कार्य को आगामी माह अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मल्टीपरपज हॉल में प्रकाश व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार रोशनदान आदि बनाये जाने के निर्देश दिये ताकि हॉल में अन्धेरा न रहे। जिलाधिकारी ने कॉलेज प्रांगण में स्थित खेल मैदान का निरीक्षण कर कालेज के प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि खेल मैदान की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए मैदान के चारों ओर सुरक्षा दीवार बनवायी जाय ताकि खेल मैदान भूस्खलन आदि के कारण टूटने अथता बहने न पाये। कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कॉलेज काप्रशासनिक भवन एवं हॉस्टल 5 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से बना है। जिसमें गत 15 मार्च से कक्षाएं संचालित हो गई हैं। कॉलेज में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के कुल 61 छात्र अध्ययन एवं खेल अभ्यास कर रहे हैं। वर्तमान में कॉलेज में खेल एथलेटिक्स , फुटबॉल एवं बॉक्सिंग के प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज प्रांगण में बच्चों के लिए साढे 4 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम तथा रुपये साढ़े 24 करोड़ की लागत से नेशनल गेम के लिए मल्टीपरपज हॉल एवं रुपये 4 करोड़ 70 लाख के लागत से आवासीय भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था पेयजल निगम पिथौरागढ़ द्वारा किया जा रहा हैं। खेल मैदान का निर्माण कार्यदायी संस्था ने रुपए 2 करोड़ 40 लाख की लागत से किया है। उन्होंने बताया कि खेल मैदान में 1 हजार लोगों के लिए दर्शक दीर्घा व सुरक्षा दीवार, जाली,डॉरमेट्री आदि कार्य भी प्रस्तावित है। जो कार्रदायी संस्था पेयजल निगम की खेल इकाई देहरादून द्वारा किये जाएंगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, जेई पेयजल निगम पिथौरागढ़ अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## भावना का प्रतिविम्ब

राजा भोज की सभा मे एक व्यापारी ने प्रवेश किया, राजा ने उसे देखा, ओर अनजाने मे यह सोचा इसका सब कुछ छीन लिया जाये। व्यापारी के जाने के बाद राजा ने सोचा मैं प्रजा को हमेशा न्याय देता हूॅ। आज यह कालुष्य क्यो आ गया, कि व्यापारी की सम्पत्ति छीन ली जाये? उसने अपने मंत्री से यह सवाल किया, मंत्री ने कहा इसका सही जवाब कुछ दिन बाद दे पाऊंगा, और राजा ने स्वीकार कर लिया। मंत्री विलक्षण बुद्वि का था, वह इधर-उधर के सोच-विचार मे समय ना खोकर सीधा व्यापारी से मैत्री गांठने पहुचा, व्यापारी से मित्रता करने के बाद उसने पूछा, तुम इतने चिंतिंत क्यों हो? तुम तो भारी मुनाफे वाले चन्दन का काम करते हो, व्यापारी बोला, धारा नगरी सहित अनेक नगरो मे चन्दन की गाड़ियां भरे फिर रहा हूॅं, पर चन्दन नही बिका। बहुत सारा धन इसमे फंसा पड़ा है, अब नुकसान से बच पाने का कोई उपाय नही है। मंत्री ने पूछा, क्या कोई भी रास्ता नहीं बचा है? व्यापारी हॅंस कर कहने लगा, अगर राजा भोज की मृत्यु हो जाये तो उसके दाह संस्कार के लिए सारा चन्दन बिक सकता है। मंत्री को राजा को उत्तर देने की सामग्री मिल चुकी थी, अगले दिन मंत्री ने व्यापारी से कहा, तुम प्रतिदिन राजा का भोजन पकाने के एक मन चन्दन दे दिया करो, ओर नगद पैसे उसी समय ले लिया करो। व्यापारी मंत्री के आदेश को सुनकर बड़ा प्रसन्न हुआ, वह मन ही मन राजा के शतायुं (लम्बी उम्र) होने की कामना करने लगा। एक दिन राजा की सभा चल रही थी, राजा को व्यापारी दुबारा वहा दिखाई दे गया, तो राजा सोचने लगा, यह कितना आकर्षक व्यक्ति है, इसे क्या पुरस्कार दिया जाये। राजा ने मंत्री से दुबारा कहा, मंत्रीवर, यह व्यापारी पहले आया था, उस दिन मैंने सवाल किया था, उसका उत्तर तुमने अब तक नही दिया। आज दूसरा सवाल फिर खड़ा हो गया है। मेरे मन मे इसे दुबारा देखा तो, इतना परिवर्तन कैसे हो गया। मंत्री ने उत्तर देते हुए कहा, महाराज दोनो ही प्रश्नो का उत्तर आज दे रहा हूॅं, यह पहले आया था, तब आपकी मृत्यु सोच रहा था,अब यह आपके लम्बी उम्र की कामना करता है। इसीलिए आपके मन मे इसके प्रति दो विभिन्न प्रकार की भावनाओ ने जन्म लिया है। जैसी भावना होती है, वैसा ही प्रतिविम्ब दूसरे के मन पर भी बनने लगता है। इसलिए समाज मे रहते हुए अपने मन मे सदैव सकारात्मक भावनायें ही बनानी चाहिए, तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है।

**-नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# संजीदगी के साथ दायित्वों का निर्वह करें शिक्षकः डीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विद्यालय समय पर खुलें और शिक्षक भी समय से स्कूल पहुँचकर विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के साथ ही समय की महत्ता को समझाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला परियोजना समिति समग्र शिक्षा की डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षकों को आकर्षक वैतन दे रही है, टीचर्स अपने दायित्वों के प्रति और अधिक संजीदगी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकारी की मंशा के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, प्रत्येक दिन विद्यालय समय पर खुले, शिक्षक समय पर स्कूल आएं तथा पठन-पाठन का कार्य समयबद्धता से करें और विद्यार्थियों को भी समय की महत्ता, टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन आदि के प्रति भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनपद के विद्यार्थी



पढ़-लिखकर इस काबिल बनें कि आगे चलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राजीव नवोदय विद्यालय सहित सभी आवासीय विद्यालयों में भोजन सहित सभी सामान निर्धारित मानकों के अनुसार मिलें। उन्होंने आवासीय विद्यालयों की मॉनीटरिंग हेतु नोडल अधिकारी तैनात करने एवं शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को समय-समय पर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं का हैल्थ प्रोफाइलिंग कराने एवं हैल्थ कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसिलिंग की भी व्यवस्था कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये।बैठक में ब्लाक प्रमुख श्रीमती ममता जल्होत्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सहायक श्रमायुक्त प्रशानंत कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस रस्तोगी, सहायक कोषाधिकारी केसी तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी भास्करानन्द पांडे, दयाशंकर पाण्डे, पूर्ति निरीक्षक चन्द्रशेखर काण्डपाल, अध्यक्ष महिला शैल समिति कमलेश बिष्ट आदि उपस्थित थे।

## रूपया चार गुना करने का लालच देकर सट्टा लगाता युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों को उनका रुपया चार गुना करने का लालच देकर सट्टा खिला रहे एक सट्टेबाज की पुलिस ने नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी । इसी दौरान गफूर बस्ती में लोगों की भीड़ एकत्रित देख तीन वहां पहुंची। एक व्यक्ति लोगों को उनका रुपया चार गुना करने का लालच देकर सट्टा खिलाता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता मो. आजिम खान पुत्र शफीक खान निवासी लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पैन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 860 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने उसे अवैध रूप से सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आजिम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## क्रियाशाला निर्माण को लेकर पार्षद मिले डीएम से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्रियाशाला निर्माण की मांग को लेकर पार्षद मनोज मठपाल, रईस अहमद, मनोज जोशी व दिनेश सिंह ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पाषदों का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किए जाने के बाद भी आज तक क्रियाशाला का कार्य शुरू नही हो पाया है। जबकि क्रियाशाला हेतु धन भी आवंटित हो गया है। पाषदों ने कहा कि उनके चारो वार्ड की आबादी बीस हजार से भी अधिक है। ऐसे में क्षेत्र में रह रहे लोगो को आबादी वाले क्षेत्र में इस कर्म कार्य को करने में काफी परेशानी हो रही है। जिसके लिए भूमि का भी चयन कर लिया गया था। जिलाधिकारी द्वारा शिष्ट मंडल को डीएफओ से वार्ता कर जल्द भूमि की प्रक्रिया पूरी कर कार्य में तेजी लाने की बात कही गई।

## आपदा राहत पैकेज देने पर जताया आभार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्र सरकार द्वारा आपदा मद में 413.20 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य आपदा मोचन निधि के तहत उत्तराखंड को 413.20 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। श्री भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव रखते हैं और हर संकट की घड़ी में राज्य के साथ खड़े रहते हैं पिछले दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता करते हुए राज्य में बरसात के कारण हुए हालातों की भी जानकारी ली है।

## पेज एक का शेष...

**कांवड़ियों की ...**को अचानक नींद की झपकी आना माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल थे, जिसमें से तीन गंभीर हैं। सभी घायल ग्राम तिघरी रामगढ़ थाना नकुड जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। घायलों में 27 वर्षीय संजय पुत्र अनिल, 30 वर्षीय राहुल पुत्र राजेंद्र, 38 वर्षीय विजय पुत्र मांगेराम ,22 वर्षीय अभिषेक पुत्र यशपाल,19 वर्षीय रितिक पुत्र अनूप कुमार,25 वर्षीय मोहित कैथल पुत्र जयपाल, 41 वर्षीय श्रवण पुत्र मदनलाल, 19 वर्षीय वीशू पुत्र सुभाष को मोहब्बे वाला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि गंभीर घायल 28 वर्षीय प्रवीण पुत्र नरेंद्र, 25 वर्षीय मोहित पुत्र जयपाल एवं 25 वर्षीय शुभम पुत्र ओमकार को दून अस्पताल भर्ती कराया गया है।

**विधायक समेत दस...**विद्वान न्यायाधीश ने इस पर सम्यक विचार करते हुए सभी का जमानत प्रार्थना पत्र मंजूर किया है। जमानत मिलने के बाद विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नामांकन के समय कई प्रत्याशियों के प्रस्तावक व अन्य लोग नामांकन कक्ष में जाते हैं। लेकिन सिर्फ भाजपा नेताओं को टारगेट करके दस नेताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जो अन्यायपूर्ण था। उन्होंने कहा कि वहां पर किसी तरह से नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ था। उन्होंने माननीय न्यायालय का सम्मान करते हुए आज सरेंडर किया। वह न्यायालय का सम्मान करते हैं जो भी न्यायालय के आदेश होंगे उसका पूरी तरह पालन किया जायेगा।

**ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर...**पुर गुमानी तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी प्रिंस कुमार यादव 28 वर्ष पुत्र तेजपाल यादव पिछले कुछ समय से बाजपुर स्थित जोगीपुरा स्टोन क्रेशर में काम करता है। बताया जा रहा है कि इन दिनों वह नाइट ड्यूटी पर था। परिजनों के मुताबिक रोजाना की भांति गुरुवार को भी वह स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूपी21सीएच/4150 पर सवार होकर रोजाना की भांति ड्यूटी पर पहुंचा। वहां से रात्रि लगभग 8 बजे वह जरूरी कार्यवश बाइक पर सवार होकर सुल्तानपुर पट्टी आया। यहां से पिपलिया रोड होते हुए वापस स्टोन क्रेशर लौट रहा था इसी दौरान लकड़ी से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर युवक को गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा होता देख आरोपी चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर लावारिस हालत में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। उधर परिजनों को जैसे ही हादसे की सूचना मिली उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर नाजुक हालत में पड़े युवक को काशीपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने घायल की हालत बेहद नाजुक देखते हुए हाथ खड़े कर दिए। इस दौरान परिजन घायल युवक को उपचार के लिए मुरादाबाद ले जा रहे थे कि इसी बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक के एक डेढ़ वर्ष का पुत्र है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता था। अचानक घटी घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है।

**जिशमफिरोशी में लिप्त...** कर एक एक करके छोड दिया और वहां मौजूद तीन किशोरियों का मेडिकल कराने भेज दिया। पुलिस ने होटल संचालक और दिल्ली निवासी आरेन्द्र पुत्र सुरेश कुमार सिंह निवासी मुखर्जी नगर, थाना मुखर्जी नगर नई दिल्ली हाल निवासी एएसडीआर होटल रविन्द्रनगर थाना ट्रांजिट कैम्प व होटल कर्मी जगदीश उर्फ जग्गू प्रसाद पुत्र भीमराम बलमा निवासी ग्राम जलना लमगडा जिला अल्मोडा के विरूद्ध अनैतिक देह व्यापार के साथ ही तीन किशोरियों के साथ पकड़े गए इस्लाम मियां उर्फ राजा पुत्र छोटे शाह निवासी प्रीत नगर मलसी बगवाडा , विपिन मौर्य पुत्र भगवत दयाल निवासी ग्राम कडई चौराहा थाना बण्डा जिला शहजहापुर, हाल निवासी कृष्णा कालौनी ट्रांजिट कैम्प और उत्तम सरकार पुत्र संजय सरकार निवासी शिवनगर खेडा थाना ट्रांजिट कैम्प के विरूद्ध पोक्सो एक्ट सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। हिन्दूवादी संगठनों सहित स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त होटल में रोजना युवक-युवतियों का आना जाना लगा रहता है और होटल में जिस्म फरोशी का कारोबार किया जा रहा है। होटल के आस-पास आवास है जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। इसलिये होटल को तुरन्त सीज किया जाये। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक बसन्ती आर्य प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, एस आई नीमा बोहरा प्रभारी चौकी आवास विकास, एसआई धीरज टम्टा, चौकी आवास विकास, भूपेन्द्र सिंह एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, कानि. राकेश खेतवाल, दिनेश चन्द्र चौकी, पंकज सजवान, महेंद्र डंगवाल व प्रियंका आर्या शामिल थे।

**डीएम ने किया ...**नदी क्षेत्र में रह रहे व्यक्तियों की सूची तैयार करने सहित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मनोज सरकार स्टेडियम का भी निरीक्षण किया और स्टेडियम विभिन्न खेल गतिविधियों, सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने वेलोड्राम के लिए शीघ्रता से जगह चिन्हित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने इंडोर हाल, बन रहे बहुद्देशीय भवन, प्रस्तावित स्विमिंग पूल, ईएसआईसी हॉस्पिटल, सिडकुल को ईएसआईसी हॉस्पिटल से जोड़ने के लिए प्रस्तावित पुल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार पूजा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**बाइक पर मलवा...**गुजर रहे कावंड़ियों की बाइक पर जा गिरा। जिससे दोनों यात्री खाई में गिर गए। सूचना पर पंहुची पुलिस और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान 20 वर्षीय मुकुल जाटव पुत्र सुनील जाटव निवासी कंकरखेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश की मौत हो गयी। जबकि उसका चाचा सनी पुत्र धर्मवीर घायल हो गया। घायल को 108 सेवा से पीएचसी नंदगांव में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

**विधानसभा अध्यक्ष...**हूं कि पुल ठीक कंडीशन में नहीं हैं। यहां खनन हो रहा है। कुछ नहीं हुआ। हमने डीएम को लिखा, आपको लिखा, एस्टीमेंट भेजा लेकिन कुछ नहीं किया गया। विधायक ने कहा कि ईई के माध्यम से हमने 25 बार आप लोगों को लिखा है। मैंने खुद आपको लिखा है। भाभर से कोटद्वार कट गया है। आधी आबादी उस तरफ रह गई है। हर जरूरत के लिए उन्हें कोटद्वार आना पड़ता है। मैं जानना चाहती हूं कि कैसे होगा। मुझे तत्कालिक समाधान चाहिए।

**फैक्ट्री में कामकरते...**अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में गंभीर रूप से घायल दुर्गेश को उपचार के लिए फैक्ट्री के सुपरवाईजर द्वारा निजी एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करा कर उसे उपचार के लिए अन्यत्र ले गये।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000